SSLC Mid-Term-Examination November-2023
Third Language : Hindi

Time : 60 Minutes
Score : 20

सूचना :आई एम कलाम के बहाने-लेख का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 1 से 4 तक के उत्तर लिखें।

एक दिन रणविजय को उसके स्कूल में भाषण देने के लिए कहा जाता है।रणविजय परेशान है क्योंकि उसकी हिंदी इतनी अच्छी नहीं।कलाम यह जानता है और एक अच्छा-सा भाषण लिख अपने दोस्त रणविजय को दे देता है।रणविजय प्रथम पुरस्कार पाता है।

1. रणविजय क्यों परेशान है ? 1
2. आई एम कलाम के बहाने-फिल्म किसकी है? 1
3. सही विकल्प चुनकर लिखें। 1
(क) वह+का=उसके (ख) वह+को=उसके (ग) वह+की=उसके (घ) वह+के=उसके
4. रणविजय भाषण प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार पाता है।इसके बारे में बताते हुए वह अपने मित्र के नाम पत्र लिखता है।वह पत्र लिखें। 4

सूचना :'सबसे बड़ा शो मैन' जीवनी का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 5 से 8 तक के उत्तर लिखें।

कई लोगों ने माँ से हाथ मिलाकर उसके छोटे बेटे की तारीफ़ की।चाली स्टेज पर पहली बार आया और माँ आखिरी बार ... । दुनिया के सबसे बड़े शो मैन का यह पहला शो था ।

5. तारीफ करना -इसका मतलब क्या है? 1
(क) प्रशंसा करना (ख) दोस्ती करना (ग) घमंड करना (घ) हास्य करना
6. चार्ली स्टेज पर पहली बार आया और माँ आखिरी बार....माँ का शो आखिरी हो जाने का कारण क्या था ? 2
7. नमूने के अनुसार वाक्य की पूर्ति करें । 1

चार्ली गीत गाता है।	चार्ली गीत गाएगा।
माँ गीत गाती है।	---------------------

8. मान लें चार्ली चैप्लिन अपनी पहली शो के बारे में डायरी में लिखता है।उसकी डायरी लिखें।4

सूचना :अकाल और उसके बाद-कविता का यह अंश पढ़ें और प्रश्न 9 और 10 के उत्तर लिखें ।

कई दिनों तक चूल्हा रोया, चक्की रही उदास
कई दिनों तक कानी कुतिया सोई उनके पास
कई दिनों तक लगी भीत पर छिपकलियों की गश्त
कई दिनों तक चूहों की भी हालत रही शिकस्त ।

9. निम्नलिखित शब्दों से विशेषण शब्द चुनकर लिखें। 1
(क) चक्की (ख) भीत (ग) कानी (घ) शिकस्त
10. कवि और कविता का परिचय देते हुए कवितांश का आशय लिखें। 4